रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1553] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 16, 2019/वैशाख 26, 1941
No. 1553] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 16, 2019/VAISAKHA 26, 1941

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 मई, 2019

का.आ. 1745(अ).—विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 4 (4) के अनुसार, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.एस. सिस्तानी की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4 (1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने संबंधी मामला भेजा गया था कि मणिपुर के मैतई उग्रवादी संगठनों अर्थात् द पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पी एल ए) तथा इसके राजनैतिक विंग द रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आर पी एफ), द यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यू एन एल एफ) और इसके सशस्त्र विंग द मणिपुर पीपल्स आर्मी (एम पी ए), द पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांग्लीपाक (पी आर ई पी ए के) तथा इसके सशस्त्र विंग द रेड आर्मी, द कांग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (के सी पी) और इसके भी सशस्त्र विंग, द "रेड आर्मी," द कांगली याओल कान्बा लुप (के वाई के एल), को-ऑर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) तथा एलायंस फॉर सोशिलस्ट यूनिटी कांग्लीपाक (ए एस यू के) को इनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों सहित 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं, के आदेश को आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है।

[सं. 11011/06/2018-एन.ई.V]
सत्येन्द्र गर्ग, संयुक्त सचिव

माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.एस. सिस्तानी, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली की अध्यक्षता वाले विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण की रिपोर्ट

निम्नलिखित के विषय में :

मणिपुर के निम्नलिखित मैतेई उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) के *अंतर्गत "विधिविरुद्ध संगम" घोषित करने से संबंधित दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना संख्या का. आ. 5681 (अ), अर्थात्,*

1. द पीपल्स लिबरेशन आर्मी जिसे सामान्यतया पीएलए के रूप में जाना जाता है तथा इसका राजनैतिक विंग;
2. द रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ);
3. द यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) तथा इसका सशस्त्र विंग;

4. मणिपुर पीपल्स आर्मी (एमपीए);

5. द पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांग्लीपाक (पीआरईपीएके) और इसका सशस्त्र विंग, द "रेड आर्मी";

6. द कांग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) और इसका सशस्त्र विंग, जिसे "रेड आर्मी" भी कहा जाता है;

7. द कांगली याओल कान्बा लुप (केवाईकेएल);

8. द को-आर्डिनेशन कमिटी (कोरकॉम)-और

9. द एलायन्स फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांग्लीपाक (एएसयूके)।

और

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण गठित करने से संबंधित दिनांक 24 जनवरी, 2019 की राजपत्र अधिसूचना संख्या का.आ. 384 (अ)

कोरम :

माननीय न्यायमूर्ति श्री जी.एस. सिस्तानी

उपस्थित :

भारत संघ के लिए श्री कीर्तिमान सिंह तथा श्री गौरांग कांत, सीजीएससी, श्री अमन सिंह बख्शी तथा सुश्री कामाक्षी सहगल के साथ सुश्री मनीन्द्र आचार्य, भारत के अपर महान्यायवादी।

मणिपुर राज्य के लिए श्री एल. रोशमणि, अधिवक्ता।

श्री सुधीर सचदेवा, प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक) तथा श्री विकास धवन, कोर्ट मास्टर के साथ श्री अरुण कुमार, रजिस्ट्रार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

मैतेई उग्रवादी संगठनों के लिए कोई भी उपस्थित नहीं।

आदेश

07.05.2019

1. केन्द्र सरकार ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (संक्षेप में 'उक्त अधिनियम) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना संख्या का.आ. 5681 (अ) के तहत मणिपुर के उग्रवादी संगठनों अर्थात 1) द पीपल्स लिबरेशन आर्मी, जिसे सामान्यतया पीएलए के रूप में जाना जाता है तथा इसके राजनैतिक विंग; 2) द रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ); यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) तथा इसके सशस्त्र विंग; 4) द मणिपुर पीपल्स आर्मी (एमपीए); 5) द पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांग्लीपाक (पीआरईपीएके) और इसके सशस्त्र विंग, द "रेड आर्मी"; 6) दि कांग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) और इसके सशस्त्र विंग, जिसे "रेड आर्मी" भी कहा जाता है;7) द कांग्ली याओल कान्वा लुप (केवाईकेएल); 8) द को-आर्डिनेशन कमिटी (कोरकॉम) और 9) द एलायन्स फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांग्लीपाक (एएसयूके) और साथ ही उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया है।

2. उपर्युक्त अधिसूचना में यह उल्लेख किया गया है कि मैतेई उग्रवादी संगठन का लक्ष्य और उद्देश्य भारत से मणिपुर राज्य को अलग करके एक स्वतंत्र मणिपुर गठित करने का है और उन्होंने-

   (i) भारत से मणिपुर राज्य को अलग करके एक स्वतंत्र मणिपुर गठित करने के अपने उद्देश्यों की खुलकर घोषणा की है;

   (ii) उपर्युक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सशस्त्र साधनों का उपयोग कर रहे हैं और उनमें लिप्त हैं;

   (iii) मणिपुर में सुरक्षा बलों, पुलिस, सरकारी कर्मचारियों तथा कानून का पालन करने वाले नागरिकों पर हमला कर रहे हैं;

   (iv) अपने संगठन के लिए निधियों का संग्रह करने हेतु सिविलियन लोगों को डराने, उनसे जबरन धन वसूल करने तथा उनको लूटने के कृत्यों में लिप्त रहे हैं;

(v) अपने अलगाववादी उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रयोजन हेतु हथियारों और प्रशिक्षण के माध्यम से जनमत को प्रभावित करने एवं उनकी सहायता प्राप्त करने हेतु विदेशी स्रोतों के साथ संपर्क करते रहे हैं; और

(vi) आश्रयों, प्रशिक्षण और हथियारों और गोलाबारूद का गुप्त रूप से प्रापण करने के प्रयोजन हेतु पड़ोसी देशों में शिविरों का रखरखाव कर रहे हैं।

3. उपर्युक्त अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि मैतेई उग्रवादी संगठनों के विधिविरुद्ध और हिंसक क्रियाकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं –

(i) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2018 तक पिछले पांच वर्षों में 756 हिंसक घटनाओं में संलिप्तता; और

(ii) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2018 तक 86 व्यक्तियों (35 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित) की हत्या।

4. यह भी उल्लेख किया जाता है कि उपर्युक्त कारणों से केन्द्र सरकार की यह राय है कि मैतेई उग्रवादी संगठनों के क्रियाकलाप भारत की संप्रभुता और अखण्डता के लिए हानिकारक हैं तथा वे विधिविरुद्ध संगम हैं। आगे यह भी उल्लेख किया जाता है कि केन्द्र सरकार की यह भी राय है कि यदि मैतेई उग्रवादी संगठनों के विधिविरुद्ध क्रियाकलापों पर तुरंत काबू नहीं पाया जाता है और उनको नियंत्रित नहीं किया जाता है, तो उनको निम्नलिखित का अवसर प्राप्त हो जाएगा –

(i) अपने अलगाववादी, विघटनकारी, आतंकवादी और हिंसक कार्यकलापों का विस्तार करने के लिए अपने काडरों को एकजुट करना;

(ii) भारत की संप्रभुता और अखण्डता के शत्रुवत बलों की मिलीभगत से राष्ट्र विरोधी क्रियाकलापों का प्रसार करना;

(iii) सिविलियनों की हत्या करना और पुलिस एवं सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाने के कार्य में लिप्त होना;

(iv) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से अवैध हथियारों और गोलाबारूदों का प्रापण करना और उन्हें शामिल करना;

(v) अपने विधिविरुद्ध क्रियाकलापों के लिए जनता से बड़ी मात्रा में निधियों की जबरन वसूली करना और उसका संग्रह करना।

5. और यत: केन्द्र सरकार की यह राय है कि मैतेई उग्रवादी संगठनों के उपर्युक्त क्रियाकलापों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि मैतेई उग्रवादी संगठनों और साथ ही उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों को तत्काल प्रभाव से 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया जाए और तदनुसार, उक्त अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने निदेश दिया कि उक्त अधिसूचना उक्त अधिनियम की धारा 4 के अधीन दिए गए किसी आदेश के अध्यधीन शासकीय राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख अर्थात 13 नवम्बर, 2018 से लागू होगी।

6. उसके बाद, उक्त अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने यह न्याय-निर्णयन करने के प्रयोजन के लिए दिनांक 24 जनवरी, 2019 की राजपत्र अधिसूचना संख्या का.आ. 384 (अ) के तहत इस अधिकरण का गठन किया कि क्या मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों और साथ ही उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित करने का पर्याप्त कारण मौजूद है या नहीं।

7. इस अधिकरण को उक्त अधिनियम की धारा 4(1) के अनुसार उपर्युक्त संदर्भ प्राप्त होने के बाद, इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई दिनांक 30 जनवरी, 2019 को किया जाना निर्धारित किया गया, जब इस अधिकरण ने केन्द्र सरकार द्वारा रिकॉर्ड पर प्रस्तुत की गई सामग्री के विचार के उपरांत मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों को उक्त अधिनियम की धारा 4(2) के अंतर्गत नोटिस जारी किया कि वे इस बारे में 30 दिनों के भीतर यह बताएं कि उनको विधिविरुद्ध संगम क्यों न घोषित किया जाए। इस नोटिस को निम्नलिखित तरीके से तामील किए जाने का निदेश दिया गया :

(i) मणिपुर के उग्रवादी संगठनों और साथ ही उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों के अंतिम ज्ञात पते और उनके प्रधान पदाधिकारियों के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड ए/डी द्वारा।

(ii) आज से तीन सप्ताह के भीतर दो राष्ट्रीय समाचार-पत्रों (अखिल भारतीय अंक), एक अंग्रेजी में और एक हिंदी में तथा राज्यों, जहां मैतेई उग्रवादी संगठनों के क्रियाकलाप सामान्यतया होते हैं, में व्यापक परिचालन वाले दो स्थानीय समाचार-पत्रों में स्थानीय भाषा में, दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना की प्रति के साथ प्रकाशन द्वारा।

(iii) मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों और साथ ही उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों और उनके प्रधान पदाधिकारियों के अंतिम ज्ञात पते पर दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना की प्रति के साथ नोटिस को चिपकाकर।

(iv) ऐसे सभी राज्यों, जहां संगठनों के क्रियाकलाप सामान्यतया किए जाते थे या किए जाते हैं, में नोटिस तथा दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की अधिसूचना की विषय-वस्तु के बारे में ड्रम बजाकर और लाउडस्पीकर द्वारा उद्घोषणा द्वारा।

(v) राज्यों, जहां संगठनों के क्रियाकलाप सामान्यतया किए जाते थे या किए जाते हैं, के सभी जिला मुख्यालयों में उपायुक्त/जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना की प्रति सहित नोटिस को प्रदर्शित करके।

(vi) यह नोटिस मुख्य सचिव के माध्यम से मणिपुर राज्य को भी तामील किया जाए।

(vii) नोटिस तथा दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की राजपत्र अधिसूचना को राज्य के आकाशवाणी/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्राइम टाइम पर घोषित किया जाए तथा राज्यों, जहां संगठनों के क्रियाकलाप सामान्यतया किए जाते थे या किए जाते हैं, में प्रमुख स्थानों पर भी चिपकाया जाए।

8. अधिकरण ने दिनांक 30 जनवरी, 2019 के आदेश के तहत अपने रजिस्ट्रार को भी यह आदेश दिया कि वह नोटिस तामील किए जाने के अनुपालन की जांच करें और उसे सुनिश्चित करें और साथ ही सुनवाई की अगली तारीख अर्थात 05 मार्च, 2019 से पहले इस संबंध में स्वतंत्र रिपोर्ट दाखिल करें। तथापि, दिनांक 05 मार्च, 2019 को माननीय न्यायमूर्ति वाल्मिकी जे. मेहता की दु:खद मृत्यु के शोक में फुल कोर्ट रेफरेंस के कारण अधिकरण की कार्यवाहियां नहीं हो सकीं और कार्यवाहियां स्थगित करके इनके लिए दिनांक 06 मार्च, 2019 की तिथि निर्धारित की गई। भारत संघ तथा मणिपुर राज्य की ओर से तामील का हलफनामा दाखिल किया गया जिनमें इस अधिकरण द्वारा जारी किए गए नोटिस को तामील किए जाने हेतु उठाए गए कदमों की पुष्टि की गई। नोटिस तामील किए जाने के संबंध में इस अधिकरण के रजिस्ट्रार की दिनांक 27 फरवरी, 2019 की रिपोर्ट भी दाखिल की गई।

9. रिकॉर्ड पर प्रस्तुत की गई सामग्री तथा इस अधिकरण के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट के अवलोकन के उपरांत, अधिकरण इस बात से संतुष्ट था कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों, उनके गुटों, विंगों तथा अग्रणी संगठनों और उनके प्रधान पदाधिकारियों को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) नियमावली, 1968 (संक्षेप में 'उक्त नियमावली') के नियम 6 के अंतर्गत यथा-निर्धारित तथा 30 जनवरी, 2019 के आदेश में निहित इस अधिकरण के निदेशों के अनुसार सम्यक रूप से नोटिस तामील किया गया था।

10. जैसा कि ऊपर कहा गया है, नोटिस तामील करने और इस अिधकरण द्वारा अवसर दिए जाने के बावजूद, मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों की ओर से न तो कोई आपत्ति/उत्तर/लिखित बयान दायर किया गया और न ही उनकी ओर से कोई पेश हुआ। इस प्रकार, उन्होंने इस अधिकरण द्वारा की गई कार्यवाहियों में हिस्सा नहीं लिया और दिनांक 06 मार्च, 2019 के आदेश के तहत आगे एकतरफा जांच करने का आदेश दिया गया था।

11. तथापि, चूंकि इस अधिकरण का यह मत था कि इस मामले में जांच होनी चाहिए ताकि केवल केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को अपने कथनों, आरोपों और प्रस्तुत किए गए आधारों के समर्थन में अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने का मौका दिया जाए बल्कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों को भी केन्द्र/राज्य सरकारों की सामग्री का खंडन करने का मौका दिया जाए, इसलिए, दिनांक 06 मार्च, 2019 के आदेश के द्वारा भारत संघ की ओर से पेश होने वाले विद्वान अपर सॉलीसिटर जनरल और मणिपुर राज्य की ओर से पेश होने वाले विद्वान काउंसल की सहमति से शिलांग में की जाने वाली आगे की कार्यवाही के लिए 4 और 5 अप्रैल, 2019 की तारीखें तय की गई थीं और मामले को 12 मार्च, 2019 को निदेशों के लिए रखा गया था।

12. शिलांग में 04 अप्रैल, 2019 को हुई इस अधिकरण की कार्यवाही के दौरान, पी डब्ल्यू-1 (अर्थात सुश्री अनुपम, एसडीपीओ-लाम्फेल, इम्फाल, पश्चिमी जिला, मणिपुर), पी डब्ल्यू-2 (अर्थात श्री बिनॉय चोंगथम, एसडीपीओ-मोरेह, तेंगनोपाल जिला, मणिपुर) तथा पी डब्ल्यू-3 (अर्थात श्री शंकरजीत लोइतोंगबाम, एसडीपीओ-पोरोम्पट, इम्फाल पूर्वी जिला, मणिपुर) का साक्ष्य दर्ज किया गया; जबकि 05 अप्रैल, 2019 को पी डब्ल्यू-4 (अर्थात श्री अथोकपाम रोमेन्द्रो सिंह, एसडीपीओ-सिंगजामेई, इम्फाल, पश्चिमी जिला, मणिपुर) का आंशिक साक्ष्य दर्ज किया गया।

13. इसके बाद, इस मामले पर गंगटोक, सिक्किम में 26 और 27 अप्रैल, 2019 को पुन: विचार किया गया। ये तारीखें शेष साक्ष्य दर्ज करने के लिए पहले से ही निर्धारित की गई थीं।

14. दिनांक 26 अप्रैल, 2019 को पी डब्ल्यू-4 अर्थात श्री अथोकपाम रोमेन्द्रो सिंह, एसडीपीओ सिंगजामेई, इम्फाल, पश्चिमी जिला, मणिपुर; पी डब्ल्यू-5 अर्थात डॉ. टीएच. चरणजीत सिंह, उप सचिव (गृह), मणिपुर सरकार, इम्फाल और पी डब्ल्यू-6 अर्थात श्री आर.के. पाण्डेय, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का और आगे बयान दर्ज किया गया तथा मामले को 27 अप्रैल, 2019 को गंगटोक में पेश किया गया। तत्पश्चात, मामले को नई दिल्ली में आगे की कार्रवाई के लिए 01 मई, 2019 तक स्थगित कर दिया गया।

15. इस स्तर पर, मैं यह नोटिस करता हूं कि मणिपुर तथा भारत संघ के केवल उन गवाहों से शपथ के आधार पर पूछताछ की गई थी, जिन्होंने साक्ष्य के तौर पर अपने शपथ-पत्र दायर किए थे और उनके बयानात संबंधित तारीख (खों) को दर्ज किए गए थे। इसके अतिरिक्त, उनसे पूछताछ के दौरान, सभी गवाहों ने यह स्वीकार किया था कि उनके संबंधित शपथ-पत्र (शपथ-पत्रों) पर उनके ही हस्ताक्षर हैं और उन्होंने अपने साक्ष्य के भाग के रूप में उसमें उल्लिखित सभी प्रदर्शों तथा चिह्नित दस्तावेजों के साथ अपने-अपने शपथ–पत्र प्रस्तुत किए।

16. अवसर दिए जाने के बावजूद, मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों की ओर से इस अधिकरण के समक्ष भारत संघ और मणिपुर राज्य के पूर्वोक्त गवाहों के साथ जिरह के लिए कोई भी पेश नहीं हुआ। तदनुसार, गवाहों को जाने की अनुमति दी गई। इस तथ्य को देखते हुए कि मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों की ओर से न तो इस अधिकरण को अथवा न ही इसके रजिस्ट्रार को कोई अभ्यावेदन, पत्र अथवा कोई अन्य दस्तावेज प्राप्त हुआ है, साक्ष्य प्रक्रिया 27 अप्रैल, 2019 को पूरी कर ली गई और इस मामले में नई दिल्ली में आगे की कार्यवाही के लिए 01.05.2019 की तारीख निर्धारित की गई थी।

17. मैने भारत संघ की ओर से सुश्री मनीन्द्र आचार्य, विद्वान अपर सॉलीसिटर जनरल; श्री कीर्तिमान सिंह और श्री गौरांग कांत, केन्द्र सरकार के स्थायी काउंसल तथा मणिपुर राज्य की ओर से पेश हुए श्री एल. रोशमणि केएच., विद्वान काउंसल को सुना। मणिपुर राज्य की मौजूदा स्थिति को देखते हुए और रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री तथा साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत शपथ–पत्रों पर निर्भर करते हुए, यह निवेदन किया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 3(1) अधीन केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 13 नवम्बर, 2018 की अधिसूचना संख्या का.आ. 5681 (अ) की पुष्टि की जाए

18. मैंने रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री, मणिपुर राज्य तथा भारत संघ के द्वारा और उनकी ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों का भी अध्ययन किया है। मैंने संगत अवधि के दौरान, मणिपुर के मैतेई उग्रवादी संगठनों तथा उनके गुटों, विंगों तथा अग्रणी संगठनों की निरंतर चल रही गैर-कानूनी गतिविधियों के संबंध में विभिन्न आसूचना एजेंसियों एवं केन्द्रीय बलों से प्राप्त रिपोर्टों का भी अवलोकन किया है, जो केन्द्र सरकार द्वारा इस अधिकरण को एक अलग मोहरबंद लिफाफे में दी गई थीं। उक्त मोहरबंद लिफाफे के दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद, उन्हें श्री आर.के. पाण्डेय, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को लौटा दिया गया था।

<u>मणिपुर राज्य की ओर से</u>

क्र.सं.	गवाह का नाम	शपथ-पत्र का ब्यौरा
1.	सुश्री अनुपम, उप मंडलीय पुलिस अधिकारी, लाम्फेल, इम्फाल, पश्चिमी जिला, मणिपुर (पी डब्ल्यू-।)	(i) प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/1 दिनांक 04/04/2019
2.	श्री बिनॉय चोंगथम, एसडीपीओ, मोरेह, तेंगनोपॉल जिला, मणिपुर (पी डब्ल्यू-2)	(ii) प्रदर्श पी डब्ल्यू-2/1 दिनांक 04/04/2019
3.	श्री शंकरजीत लोइटोंगबाम, एसडीपीओ, पोरोम्पट, इम्फाल पूर्वी जिला, मणिपुर (पी डब्ल्यू-3)	(iii) प्रदर्श पी डब्ल्यू-3/1 दिनांक 04/04/2019
4.	श्री अथोकपम रोमेन्द्रो सिंह, एसडीपीओ, सिंगजेमी, इम्फाल पश्चिमी जिला, मणिपुर (पीडब्ल्यू-4)	(iv) प्रदर्श पी डब्ल्यू-4/1 दिनांक 05/04/2019 (शिलांग में प्रदर्शित) (v) प्रदर्श पी डब्ल्यू-4/1ए दिनांक 05/04/2019 (गंगटोक में प्रदर्शित)

19. पी डब्ल्यू-1 (नामत: सुश्री अनुपम, एसडीपीओ- लाम्फेल, इम्फाल पश्चिमी जिला, मणिपुर) ने 03 प्राथमिकियां (एफआईआर) अर्थात पी डब्ल्यू 1/2 , पी डब्ल्यू-1/11 तथा पी डब्ल्यू 1/16 प्रदर्शित कीं।

1) दिनांक 27 मई, 2016 की पहली एफआईआर सं. 98 (5) 2016 में यह उल्लेख किया गया था कि 26 मई, 2016 को लगभग 09.30 बजे अपराह्न, उन्हें विश्वस्त सूत्र से खुराई लैरिकेंगबाम माखा लेकाई स्थित एक मकान में पीआरईपीएके (प्रो) संगठन के एक सक्रिय सदस्य की मौजूदगी के बारे में 45 एआर द्वारा साझा की गई जानकारी प्राप्त हुई थी, जो बम फेंकने और निजी व्यावसायिक केन्द्रों, दुकानों आदि में आईईडी प्लांट करने जैसी अहितकर गतिविधियों को अंजाम देने जा रहा था। इस खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, लैरिकेंगबाम माखा के नौरोईबाम जोयशंकर सिंह के घर पर अचानक छापा (रेड) मारा गया। नौरोईबाम जोयशंकर सिंह पुत्र एन. (ओ) शांता देवी, लैरिकेंगबाम माखा लेकाई के घर और इसके परिसर की तलाशी के दौरान, सर्च-टीम को एक आई ई डी पाइप बम मिला, जिसे घर के दक्षिण-पूर्वी दिशा में जलाने की लकड़ी के ढेर में छिपाकर रखा गया था। आगे तलाशी करने पर जोयशंकर के कमरे से आठ काले रंग की

बैटरियां, एक सफेद रंग की बैटरी, पांच ई डब्ल्यू मार्क की बैटरियां, एक पैनासोनिक बैटरी, दो स्टील बाल बियरिंग के पैकेट, एक सफेद रंग का रिमोट कंट्रोल, एक काले रंग का बैटरी केस, एक सर्किट बोर्ड, तीन मीटर लंबा काले और लाल रंग का तार प्राप्त हुआ। जोयशंकर की मां एन. शांता देवी से पूछताछ करने पर, उन्होंने यह खुलासा किया कि बरामद किया गया उपर्युक्त विस्फोटक सामान उसके पुत्र जोयशंकर ने लाकर एसेम्बल किया था और अब वह अपने एक सहयोगी से मिलने कोन्ता अहलूप माखा लेकाई स्थित वहेंगबाम रामानन्द सिंह के घर पर गया है। जोयशंकर की मां की निशानदेही पर सीडीओ इम्फाल वेस्ट की एक संयुक्त टीम, जिसमें सच्चिदानंद सोयबाम एमपीएस की अगुवाई में इंस्पेक्टर पी. संजोय सिंह, ओ सी सीडीओ-आईडब्ल्यू, सी डी ओ- आई डब्ल्यू के उप पुलिस अधीक्षक तथा कैप्टन जी. सतीश कुमार की अगुवाई में 45 असम राइफल्स के एस्स-चिंगमेरियन सीओबी शामिल थे, ने ऑस्कर 80-इम्फाल पूर्वी पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करने के उपरांत टीएच. श्री विक्रमजीत सिह एमपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप.) इम्फाल पश्चिमी के पर्यवेक्षण में तत्काल कोन्ता अहलूप माखा लेकाई के लिए रवाना हो गई और सुबह 3.30 बजे के आसपास वहेंगबाम रामानन्द सिंह के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान, दो अज्ञात युवकों को उनकी संदिग्ध प्रकृति के कारण घर में ही निरुद्ध किया गया जिन्होंने अपनी पहचान नैरोईबाम जोयशंकर सिंह और बहेंगबाम रामानन्द सिंह के रूप में बताई। पूछताछ करने पर, जोयशंकर ने खुलासा किया कि वह पीआरईपीएके (प्रो) संगठन का एक प्रशिक्षित काडर है। वह इस संगठन में वर्ष 2009 में शामिल हुआ था और उसे आर्मी नं. 39914 प्राप्त हुआ था और अब पीआरईपीएके (प्रो) संगठन के स्वयंभू चेयरमैन पालिबा की कमान के तहत कार्य कर रहा है। इस प्रकार, 45 असम राइफल्स द्वारा दिनांक 26 मई, 2016 को की गई शिकायत/रिपोर्ट के आधार पर उसी दिन उप निरीक्षक लाकुन्द्रो खैदून द्वारा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20/38, आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग), विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा-5 के तहत एफआईआर सं. 98 (5) 2016 पीआरटी-पीएस पंजीकृत की गई। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी, पी डब्ल्यू-1 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श, पी डब्ल्यू -1/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है और शपथ-पत्र के साथ इस अधिकरण में प्रस्तुत की गई, उक्त एफआईआर की प्रतियों, रिपोर्ट तथा उक्त मामले से संबद्ध 7 जब्ती मेमो को क्रमश: प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/2, प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/3 तथा प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/4 से प्रदर्श पी. डब्ल्यू.-1/10 तक के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

2) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 के तहत पंजीकृत दिनांक 22.09.2018 की द्वितीय एफआईआर सं. 169 (9) 2018 (प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/11) में यह उल्लेख किया गया था कि दिनांक 22.09.2018 को पूर्वाह्न लगभग 10.30 बजे उन्हें आरपीएफ/पीएलए संगठन के कुछ सक्रिय कार्यकर्ताओं की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना मिली थी, जो अहितकर गतिविधियों को अंजाम देने के विचार से क्वाकीथल इलाके के सामान्य क्षेत्र के आसपास इधर-उधर घूम रहे थे। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सी डी ओ इम्फाल पश्चिमी की टीमें उक्त इलाके की ओर रवाना हो गईं तथा इलाके को घेर लिया और क्वाकीथल थियम लेकाई में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। (एल) नरेंगबाम जुगेश्वर सिंह के घर पर इस अभियान के दौरान, घर के अन्दर एक अज्ञात व्यक्ति बहुत ही संदिग्ध अवस्था में पाया गया था। मौके पर उसकी तलाशी करने पर, उसके कब्जे से दो मोबाइल हैंडसेट बरामद हुए।

घटनास्थल पर सत्यापन करने पर, उसने अपनी पहचान नारेंगबाम रतन कुमार उर्फ प्रियो के रूप में बतायी और पूछताछ करने पर, उसने खुलासा किया कि वह आरपीएफ/पीएलए संगठन का एक सक्रिय कार्यकर्ता है और स्वयंभू फाइनेंस चीफ नोंग्पोकनगन्बा की कमान के तहत कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, उसने बताया कि वह वर्ष 2012 में उक्त संगठन में शामिल हुआ था और स्वीकार किया कि अपने कमांडर स्वयंभू फाइनेंस चीफ नोंग्पोकनगन्बा के कहने पर उसने सरकारी कर्मचारियों और सामान्य जनता से भारी मात्रा में धन एकत्रित किया था। उसने आगे बताया कि वह अपने कमाण्डर को एकत्रित किया हुआ पैसा सुपुर्द करने और आगे अनुदेश प्राप्त करने के लिए अक्सर मोरेह जाता है। इसलिए, उसे पूर्वाह्न 11.45 बजे सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की निशानदेही पर, उसके घर से एक गुलाबी रंग का 'वेस्पा' जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एमएन 01यू-2341 था, जब्त किया गया, जिसे उनके संगठन के लिए धन एकत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इस प्रकार, दिनांक 22 सितम्बर, 2018 की शिकायत/रिपोर्ट के आधार पर, निरीक्षक चन्द्रकुमार सिंह द्वारा उसी दिन विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 के अंतर्गत एफआईआर सं. 169(9) 2018 पंजीकृत की गई थी। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पी डब्ल्यू-1 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पी.डब्ल्यू.-1/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है और उक्त शपथ-पत्र के साथ इस अधिकरण में प्रस्तुत की गई एफआईआर, रिपोर्ट, 1 जब्ती मेमो और उक्त मामले से संबद्ध 2 पुन: जब्ती मेमोरी को क्रमश: प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/11, प्रदर्श पी डब्ल्यू 1/12, प्रदर्श पी डब्ल्यू 1/13 तथा प्रदर्श पी डब्ल्यू1/14- प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/15 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

3) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 और आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग)) के अंतर्गत पंजीकृत 26 नवम्बर, 2015 की तृतीय एफ आई आर सं. 431 (11) 2015 में यह कहा गया था कि 26 नवम्बर, 2015

को प्रात: 8.45 बजे के लगभग उन्हें 40 असम राइफल्स से एक विश्वस्त सूचना मिली, जिसे असम राइफल्स की स्वयं की आसूचना से पुष्ट किया गया था, जो टेकिएल खोंगबल मोइरंगथोंग के आसपास घाटी आधारित गुट केसीपी (एमसी) के कुछ सक्रिय सदस्यों की मौजूदगी के बारे में थी। उप निरीक्षक, एम. उत्तम सिंह के नेतृत्व में सीडीओ/आईई की एक टीम, सीडीओ/आईई से संबद्ध प्रथम एमआर के जेसी नं. 752 जेम.एन. बोबो सिंह की सहायता से, उस इलाके के लिए रवाना हो गई और एक तलाशी अभियान शुरू किया गया। अभियान के एक भाग के रूप में, मोइरंगथोंग, टेकिएल खोंगबल के दक्षिण दिशा की तरफ मोबाइल फ्रिस्किंग और चेकिंग शुरू की गई। इस प्रक्रिया में एक संदिग्ध व्यक्ति को तुरंत उसकी तलाशी और सत्यापन के लिए निरूद्ध किया गया था। निरूद्ध किए गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से दो जिंदा राउंड के साथ लोडेड मैगजीन सहित एक 9 मि.मी. की पिस्टल, एक एअरटेल सिम कार्ड के साथ एक मोबाइल फोन तथा स्वयंभू फाइनेंस सेक्रेटरी, के सी पी (एम सी) नामत: यैखोम्बा अंगोम द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित के सी पी (एमसी) के तीन मांग पत्र पाए और बरामद किए गए। घटनास्थल पर सत्यापन करने पर, निरूद्ध किए गए व्यक्ति ने अपनी पहचान वहेन्गबैम सोमेन्द्रो सिंह उर्फ बॉबी के रूप में बताई, जो कांग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (मिलीटरी काउंसिल) संक्षिप्त में केसीपी (एम सी) गुट का एक सक्रिय सदस्य है और जो वर्ष 2013 में टैखेल के एकेन के माध्यम से इसमें शामिल हुआ था। उसने आगे बताया कि वह उक्त एकेन की कमान के तहत कार्य कर रहा था तथा आम जनता से भारी मात्रा में जबरन धन की वसूली की थी। उसे घटनास्थल अर्थात मोइरंगथोंग के दक्षिणी छोर से गिरफ्तार किया गया था तथा उसके कब्जे से दो जिंदा राउंड के साथ लोडेड मैगजीन सहित 'यू एस ए' मार्क की एक 9 एमएम पिस्टल, एक मोबाइल फोन (नोकिया-100) के साथ एक एयरटेल सिम कार्ड और केसीपी (एम सी) के 03 मांग-पत्र जब्त किए गए।

इस प्रकार, दिनांक 26 नवम्बर, 2015 की शिकायत/रिपोर्ट के आधार पर, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 एवं आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग) के अंतर्गत उसी दिन एफ आई आर सं. 431 (11) 2015 पंजीकृत की गई थी। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पी डब्ल्यू-1 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र, प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त शपथ-पत्र के साथ इस अधिकरण में प्रस्तुत उक्त एफ आई आर, रिपोर्ट की प्रतियां, उक्त मामले से संबद्ध 01 जब्ती मेमो को क्रमश: प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/16, प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/17 तथा प्रदर्श पी डब्ल्यू-1/18 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

20. पी डब्ल्यू-2 (नामत: श्री बिनॉय चोंगथम, एसडीपीओ –मोरेह, टेंग्नोपाल जिला, मणिपुर) ने 03 एफआईआर अर्थात पी डब्ल्यू-2/2, पी डब्ल्यू-2/6 और पी डब्ल्यू-2/10 प्रदर्शित कीं।

1) 14 जनवरी, 2015 को भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121-क/324/326/307/34, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 15/20 और आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग) के अंतर्गत पंजीकृत की गई प्रथम एफ आई आर सं. 1(1) 2015 में दिनांक 16.01.2015 के स्थानीय समाचार पत्र "इम्फाल फ्री प्रेस" के अंग्रेजी संस्करण में छपी रिपोर्टों के अनुसार यह नोट किया गया था कि दिनांक 14.01.2015 को 11.30 बजे रात में माची पोस्ट में अवस्थित 20 असम राइफल्स पर सुरक्षा बलों को मारने/घायल करने और विधिसम्मत स्थापित भारत/मणिपुर सरकार को उखाड़ फेंकने के इरादे से आधुनिक हथियारों/शस्त्रों का इस्तेमाल करके संदिग्ध पीएलए उग्रवादियों/ आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया था। इसके परिणामस्वरूप, असम राइफल्स के दो कार्मिकों को चोटें आयीं। इसलिए, जांच के प्रयोजन से इस मामले में स्वत: संज्ञान लेकर एक मामला पंजीकृत करने पर विचार किया गया। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पी डब्ल्यू- 2 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पी डब्ल्यू-2/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा इस अधिकरण में प्रस्तुत उक्त एफआईआर की सत्यापित प्रतियां, रिपोर्ट तथा उक्त मामले से संबद्ध 02 जब्ती मेमो को क्रमश: प्रदर्श पी डब्ल्यू 2/2, प्रदर्श पी डब्ल्यू 2/3 और प्रदर्श पी डब्ल्यू -2/4-2/5 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

2) मोरेह पुलिस स्टेशन में दिनांक 28/05/2018 को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत दर्ज दूसरी एफआईआर सं. 40(5)2018 एमआरएच-पीएस में क्ष. शान्तिकुमार सिंह द्वारा यह बताया गया था कि उन्हें दोपहर लगभग 02.50 बजे सनराइज ग्राउंड, वार्ड नं.4, मोरेह में और उसके आस-पास प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू.एन.एल.एफ.) के एक दुर्दांत काडर की आवाजाही के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सीडीओ/मोरेह की एक टीम ने तुरंत उस क्षेत्र की तलाशी और छानबीन की। उस क्षेत्र की तलाशी और छानबीन के दौरान उनकी टीम ने एक अज्ञात युवक को संदिग्ध अवस्था में तलाशी क्षेत्र के आसपास घूमते हुए देखा। टीम को देखकर, उस अज्ञात युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे जांच पड़ताल के लिए काबू कर लिया गया। मौके पर सत्यापन करने पर, उसने अपनी पहचान प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू.एन.एल.एफ.) संगठन के स्वयंभू कैप्टन के रैंक के एक सक्रिय कार्यकर्ता हायोरोंगबम रंणजीत उर्फ लूम्बा के रूप में बताई। इसके अतिरिक्त, उसने बताया कि वह एक स्वयंभू मेजर चौअबा (सीएस) के माध्यम से मार्च, 1996 में इस प्रतिबंधित संगठन में शामिल हुआ था तथा उसने पूर्वी नागालैंड

में डेढ़ माह का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया था और उसे 12वें बैच की आर्मी सं. 561 आबंटित की गई थी। उसने आगे बताया कि प्रशिक्षण के बाद वह 2 (दो) वर्ष तक पूर्वी नागालैंड में रहा। वर्ष 1998 से 2000 के बीच वह संगठन के इंटेलिजेंस विंग में कुम्बी में रहा, जहां वह यू.एन.एल.एफ. की साजित तम्पक बटालियन की सहायता करता था। वर्ष 2001 और 2005 के बीच वह यूएनएलएफ के साजिक तम्पक कैम्प में था। वर्ष 2006 और 2007 के बीच वह बराक घाटी के बोरो बेकरा क्षेत्र में सक्रिय था। वहां से वह साजित तम्पक में दोबारा लौट आया तथा 2004 तक वही रहा। वर्ष 2014 के अंत में वह म्यांमार में ओंगिया में 41वीं बटालियन में चला गया। वर्ष 2017 में, उसने नागा रिवोल्यूशनरी फ्रंट (एनआरएफ) के सीओ के तौर पर भी कार्य किया। वर्तमान में वह थोंगरेन में यू.एन.एल.एफ. के जीएचक्यू में तैनात था। इसलिए उसे मौके पर लगभग सायं 3.30 बजे औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक सफेद रंग का मोबाइल हैंडसेट, जिस पर "एमपीटी" अंकित था और वोडाफोन के दो सिमकार्ड तथा एमपीटी बरामद किया गया। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त मामले के संबंध में इस ट्रिब्यूनल को प्रस्तुत की गई एफआईआर, रिपोर्ट, जब्ती मेमो तथा पुनःजब्ती मेमो की सत्यापित प्रतियों को क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/6, प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/7, प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/8 तथा प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/9 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

3) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत दिनांक 02/12/2018 को दर्ज तीसरी एफआईआर सं.79(12)2018 एमआरएच-पीएस में, इंस्पेक्टर एन. जतीश्वर सिंह ने बताया था कि प्रात: लगभग 9.30 बजे उन्हें नांगपोक पंथोबी मंदिर, मोरेह में और उसके आसपास प्रतिबंधित संगठन केवाईकेएल के दुर्दांत कार्यकर्ताओं की आवाजाही के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। सीडीओ/मोरेह की एक टीम ने तुरंत इस क्षेत्र की तलाशी तथा छानबीन की। उस क्षेत्र की तलाशी और छानबीन के दौरान उनकी टीम ने एक अज्ञात युवक को संदिग्ध अवस्था में तलाशी क्षेत्र के आसपास घूमते हुए देखा। टीम को देखकर, उस अज्ञात युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन वह उसे सत्यापन के लिए काबू करने में सफल हो गए। मौके पर किए गए सत्यापन के दौरान, उसने अपनी पहचान लौंगजैम काला उर्फ सोमन के रूप में बताई। वह आर्मी नंबर 33 में सार्जेंट मेजर के पद पर था। वह इस संगठन में जून, 2002 में शामिल हुआ था और उसने नोने जिले में केवाईकेएल के खोउपुम कैंप में लगभग 3 महीने का बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, उसे चंदेल में तैनात किया गया था। चंदेल से वह म्यांमार में केवाईकेएल के तानन कैंप बटालियन में चला गया, जहां वह दो वर्ष तक तैनात रहा। तत्पश्चात अगले सात वर्ष तक वह पूर्वी नागालैंड में तैनात रहा। उसने बताया कि वह इस संगठन में वार्ड नंबर 7 मोरेह के संगठन के एक ओवरग्राऊंड कार्यकर्ता थंगजैम इनाओ के माध्यम से शामिल हुआ था। इसलिए उसे मौके पर प्रात: लगभग 10.30 बजे सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। प्रश्नगत मामले के जांचकर्त्ता अधिकारी पीडब्ल्यू-2 द्वारा अभिपुष्ट शपथ पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा ट्रिब्यूनल को प्रस्तुत की गई उक्त एफआईआर तथा रिपोर्ट की सत्यापित प्रतियां क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/10 तथा प्रदर्श पीडब्ल्यू-2/11 के रूप में प्रदर्शित की गई हैं।

21. पीडब्ल्यू-3 (श्री शंकरजीत लोयटोंगबाम, एसडीपीओ-पोरोम्पट, जिला पूर्वी इम्फाल, मणिपुर) ने पीडब्ल्यू-3/2, पीडब्ल्यू-3/8 तथा पीडब्ल्यू-3/14 के रूप में 3 एफआईआर प्रदर्शित कीं।

1) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20, आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ख) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के अंतर्गत दिनांक 22 फरवरी, 2016 को दर्ज पहली एफआईआर सं. 40(2) 016 पीआरटी-पीएस में यह उल्लेख किया गया था कि दोपहर लगभग 12.20 बजे, हत्ता मिनुथोंग क्षेत्र में आम जनता से धन की जबरन वसूली जैसी अहितकर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के एक सक्रिय कार्यकर्ता की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। तदनुसार, एक टीम उक्त क्षेत्र में खोज अभियान के लिए पहुंची। खोज अभियान के दौरान, एक संदिग्ध व्यक्ति को हत्ता मिनुथोंग में सत्यापन के लिए निरूद्ध कर लिया गया। मौके पर उसकी पहचान संबंधी सत्यापन के दौरान, निरूद्ध किए गए व्यक्ति ने अपनी पहचान थोकचोम बरेंडी मीतेई उर्फ लेरेन उर्फ अथोउबा के रूप में बताई। सत्यापन के दौरान, उसने बताया कि वह यूएनएलएफ संगठन का सक्रिय कार्यकर्ता है; वह यूएनएलएफ के एक स्वयंभू लेफ्टीनेंट अपाबी के माध्यम से जनवरी 2007 में इस संगठन में शामिल हुआ था तथा उसने यूएनएलएफ संगठन के 33वें बैच के आर्मी सं.2330 के अंतर्गत उसी वर्ष फरवरी से अप्रैल तक मेवतित, म्यांमार में बुनियादी मिलिट्री प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उसने आगे बताया कि वह उक्त यूएनएलएफ संगठन के स्वयंभू निदेशक, वित्त विभाग श्री मुनाल की कमान के अधीन कार्य कर रहा था। अत: उसे मौके से अर्थात मिनुथोंग के पूर्वी हिस्से से दोपहर 1.30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया तथा दो मोबाइल फोन, एयरटेल तथा वोडाफोन के एक-एक सिम कार्ड के साथ एक सैमसंग ड्योज और रिलांयस तथा एयरटेल के एक-एक सिम कार्ड के साथ लेमॉन जीसी 359 जब्त कर लिए गए। पूछताछ करने पर, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने बताया कि उसने लंगथाबल कुंजा में एक बढ़ई घर में एक

छोटा हथियार, गोलाबारूद तथा 6 हैंड ग्रेनेड छिपा रखे हैं। उस बढ़ई घर की तलाशी ली गई तथा एक काली पॉलीथीन में (i) 1 (एक) .38 पिस्तौल तथा 8 जिंदा राउंड से लैस एक मैगजीन, (ii) 7 जिंदा राउंड से लैस 01 (एक) मैगजीन, (iii) 4 (चार) चीनी हैंड ग्रेनेड, जिन्हें टिन के 4 फिश के डिब्बों में रखा गया था, (iv) 2 (दो) 36 एचई हैंड ग्रेनेड तथा (v) 10 (दस) डेटोनेटर, जिन्हें सफेद पॉलीथीन में रखा गया था, को बढ़ई घर की छत के अन्दर से बरामद किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन के साथ इन बरामद वस्तुओं को जब्त कर लिया गया। प्रश्नगत मामले के जांचकर्त्ता अधिकारी पीडब्ल्यू-3 द्वारा अभिपुष्ट शपथ पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त मामले के संबंध में इस ट्रिब्यूनल को प्रस्तुत की गई उक्त एफआईआर, रिपोर्ट, 2 जब्ती मेमो तथा 2 पुन: जब्ती मेमो की सत्यापित प्रतियों को क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/2, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/3, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/4, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/5 तथा प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/6-3/7 के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

2) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20, आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत दिनांक 07 फरवरी, 2018 को दर्ज दूसरी एफआईआर संख्या 9(02) 2018 आईबीजी-पीएस में यह उल्लेख किया गया था कि शाम को लगभग 4:30 बजे गुप्त स्रोतों से लांगडुंग माखा लेकाई तथा उसके आसपास घाटी आधारित संगठन के कुछ सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति के संबंध में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। उक्त विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीडीओ/आईई की एक टीम उक्त स्थान पर पहुंची तथा उन्होंने खोज अभियान प्रारंभ कर दिया। इसमें लांगडुम हाई-स्कूल के सामने से पूछताछ के लिए एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मौके पर किए गए सत्यापन से, पकड़े गए व्यक्ति की पहचान कांग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) संगठन के एक सक्रिय सदस्य नन्देबम सरतजोय सिंह उर्फ संजय के रूप में की गई जिसने उक्त संगठन के एक अन्य सक्रिय सदस्य श्री वाहेंगबम जॉन उर्फ थोई के माध्यम से वर्ष 2015 में संगठन की सदस्यता ग्रहण की थी और वह उसकी कमान में कार्य कर रहा था। इस प्रकार उसे मौके से अर्थात लांगडुंग माखा लेकाई से एयरटेल सिम कार्ड वाले एक मोबाइल फोन (सैमसंग) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। और अधिक पूछताछ किए जाने पर, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने यह बताया कि उसने अपने निवास स्थल पर एक पिस्तौल और अवांग खुनोऊ, इम्फाल पश्चिमी जिले में एक बम छिपा रखा है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति द्वारा किए गए रहस्योद्घाटन तथा उसके बताए जाने पर दो राउंड लोडेड मैगजीन के साथ 9 एमएम की एक पिस्तौल उसके निवास स्थान से बरामद की गई। इसके पश्चात, गिरफ्तार किए व्यक्ति को अवांग खुनोऊ ले जाया गया और उसके बताए गए अनुसार लगभग 5 किलोग्राम वजन का एक आईईडी, लगभग 1 मीटर लंबा तार तथा एक मोडिफाइड मोबाइल फोन जिसका प्रयोग ट्रिगर के रूप में किया जा सकता था तथा मिट्टी के नीचे छिपा कर रखा गया एक डेटोनेटर एक काले रंग के पॉलिथिन बैग में चेन ऑफ फ्रीडम फाउंडेशन री-हैबिलिटेशन सेंटर, अवांग खुनोऊ, इंफाल पश्चिमी जिले के पिछले अहाते से बरामद किया गया। उक्त मदों को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने यह भी बताया कि बरामद की गई उक्त मदें उसे दिनांक 04.02.2018 को किसी अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से श्री जॉन उर्फ थोई द्वारा सौंपी गई थीं और उसे बरामद किए गए आईईडी को यथाशीघ्र लिटिल फ्लावर स्कूल में लगा देने का निर्देश दिया गया था। उसने यह भी बताया कि उक्त श्री जॉन उर्फ थोई के अनुदेश पर उसने हाल ही में 24,000/- रुपए की धनराशि एकत्रित की थी जिसे स्टैंडर्ड रॉबर्ट इंग्लिश स्कूल के सामने कांचीपुर से के.एम. ब्लूमिंग स्कूल, खांगाबोक से फिरौती के रूप में प्राप्त किया गया था।प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पीडब्ल्यू-3 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त मामले से संबंधित ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत की गई उक्त एफआईआर, रिपोर्ट, 3 जब्ती मेमो तथा 1 पुन: जब्ती मेमो की सत्यापित प्रतियाँ क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/8, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/9, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/10, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/11, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/12 और प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/13 के रूप मे प्रदर्शित की गई हैं।

3) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 20 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 के तहत दिनांक 14 नवंबर, 2018 को दर्ज तीसरी एफआईआर संख्या 57(11) 2018 आईबीजी-पीएस में यह उल्लेख किया गया था कि शाम को लगभग 06:45 बजे उनके स्रोत से एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि प्रीपाक (प्रो) के कुछ सक्रिय सदस्य आईईडी/बम लगाने तथा किसी उपयुक्त समय पर सुरक्षा बलों पर हमला करने जैसी अपनी अहितकर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए केईराव अवांग लेईकेई क्षेत्र तथा उसके आसपास घूम रहे हैं। सीडीओ/आईई यूनिट की एक टीम तैयार करके उस क्षेत्र में भेजी गई। उक्त क्षेत्र में पहुंचने के पश्चात, उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई और एक संदिग्ध घर में छानबीन की गई। खोज अभियान के दौरान, केईराव अवांग लेइकेई के किसी निंगथोऊजाम देबन सिंह के निवास स्थान से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मौके पर किए गए सत्यापन में उस व्यक्ति ने स्वयं को निंगथोऊजाम यांबा उर्फ सानयांबा बताया और मौके पर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एयरटेल सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन (सैमसंग) और एयरटेल सिम कार्ड वाला एक अन्य मोबाइल फोन (सैमसंग), भारतीय सेना का संख्या ई060787 वाला

एक पहचान-पत्र बरामद किया गया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह एएससी (एटी) पहाड़पुर, गया, बिहार में भारतीय सेना में है और उसे पहले भी दो बार, वर्ष 2017 में एक बार तथा पुन: हाल ही में लगभग दो माह पूर्व महिलाओं के प्रति अपराधों के संबंध में गिरफ्तार किया गया था। जेल में रहने के दौरान, उसकी मुलाकात किसी मांगदेंगबाम शामू सिंह से हुई जो प्रीपाक (प्रो) का एक काडर था। उसकी गिरफ्तारी तथा जेल से उसकी रिहाई के पश्चात यांबा सिंह शामू के घर गया तथा उसने शामू से यह अनुरोध किया कि वह भूमिगत संगठन को ज्वाइन करने में यांबा की मदद करे। इसके पश्चात दोनों म्यांमार स्थित तामू गए तथा उन्होंने प्रीपाक (प्रो) के इरेई से मुलाकात की। जबकि शामू इम्फाल चला गया और यांबा म्यांमार में ही रुका और उसने इरेई के नेतृत्व में प्रीपाक (प्रो) के काडरों से आईईडी तैयार करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वह दिनांक 11 नवंबर, 2018 को एक आईईडी के साथ वापस आया और दिनांक 12 नवम्बर, 2018 को शामू के घर पर स्वयं उसने और शामू ने उस आईईडी को एसेंबल किया और उसे शामू के घर पर रख दिया। इसके अलावा, उसने यह भी बताया कि उसने अपने मोबाइल से प्रीपाक (प्रो) के किसी स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट इरेई से बातचीत की जिसने उसे उक्त आईईडी को सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए फेईडिंगा क्षेत्र में लगाए जाने का निर्देश दिया। इस प्रकार उसे रात्रि 09:20 बजे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया तथा रात्रि 09:30 बजे उक्त मदें उसके पास से बरामद करके जब्त कर ली गईं। उसके कहने पर, पुलिस की टीम शामू के घर गई और उसे एयरटेल तथा वोडाफोन के दो अलग-अलग सिम कार्डों सहित एक मोबाइल हैंडसेट के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। शामू से पूछताछ करने पर, उसने बताया कि उसने एसेंबल किया गया एक आईईडी, जिसे उसने तथा यांबा ने एसेंबल किया था, अपने कॉमन रूम के फ्रंट लेफ्ट कॉर्नर में छिपा रखा है। उसने यह भी बताया कि वह प्रीपाक (प्रो) के किसी स्वयंभू सेकेंड लेफ्टिनेंट इरेई के नेतृत्व में कार्य कर रहा था। इसके पश्चात आस-पास के गांव के लोगों को वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया तथा दल के सदस्यों द्वारा उस क्षेत्र की अत्यंत रणनीतिक रूप से घेराबंदी कर दी गई। बम निरोधी दस्ते ने उक्त आईईडी को निष्क्रिय कर दिया तथा बैटरी सहित एक रिमोट कंट्रोल, लगभग 186 ग्राम वजन वाला एक सी-4 टीएनटी, एक डेटोनेटर, एक ड्यूलक्स का 1 लीटर का इनेमल पेंट का डिब्बा जिसमें लोहे की कील तथा लोहे के पेंच भरे हुए थे और एक बैटरी वाले सर्किट के साथ आईईडी के विभिन्न पुर्जों को जब्त कर लिया। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पीडब्ल्यू-3 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त मामले से संबंधित इस अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई उक्त एफआईआर, रिपोर्ट, 3 जब्ती मेमो तथा 1 पुन:जब्ती मेमो की सत्यापित प्रतियाँ क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/14, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/15, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/16, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/17, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/18, प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/19 तथा प्रदर्श पीडब्ल्यू-3/20 के रूप मे प्रदर्शित की गई हैं।

22. पीडब्ल्यू-4 (नामत: श्री अथोकपम रोमेंद्रो सिंह, एसडीपीओ-सिंहजमेई, इम्फाल पश्चिमी जिला, मणिपुर) से शिलांग तथा गंगटोक में पूछताछ की गई। उसने तीन एफआईआर पीडब्ल्यू-4/2, पीडब्ल्यू-4/7 तथा पीडब्लयू-4/16 प्रदर्शित कीं।

1) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 17/20 और आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ग) के अंतर्गत दिनांक 11.02.2018 की प्रथम एफआईआर संख्या 38(2) 2018 एसजेएम पीएस में यह उल्लेख किया गया था कि अपराह्न लगभग 12:20 बजे कांचीपुर और उसके आस-पास के क्षेत्र में आम जनता, व्यवसायियों आदि से धन की जबरन वसूली जैसे अहितकर गतिविधियों को अंजाम देने के लिए केवाईकेएल संगठन के कुछ सक्रिय काडरों के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई और इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीडीओ/आईडब्ल्यू और 6ठीं असम राइफल्स की संयुक्त टीम उक्त क्षेत्र में पहुंची और स्टैंडर्ड रॉबर्ट स्कूल के निकट कांचीपुर में तलाशी और जांच की। ऐसा करते समय दो अज्ञात व्यक्ति बड़े ही संदिग्ध तरीके से तलाशी क्षेत्र की ओर आ रहे थे। अत:, संदेह होने पर, उन्हें मौके पर जांच और पहचान के लिए रोका गया। मौके पर उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से दो पिस्तौल, एक मोबाइल फोन और दो पहचान-पत्र बरामद किए गए। मौके पर जांच के दौरान, उन्होंने अपनी पहचान पुखरामबम रूपा उर्फ किरन और खारीबन संजोय उर्फ नाओचा उर्फ भीम के रूप में बताई। पुखरामबम रूपा उर्फ किरन से पूछताछ करने पर, उसने खुलासा किया कि वह केवाईकेएल संगठन के स्वयंभू वाइस चेयरमैन इबो की कमान के तहत कार्य करने वाले केवाईकेएल संगठन का सक्रिय काडर है और उसने मोइरांग के केवाईकेएल के भर्तीकर्ता बीरजीत के माध्यम से वर्ष 2006 में उक्त संगठन ज्वाइन किया था। उसने यह भी बताया कि उसने तनाल, म्यांमार में 24वें बैच के आर्मी संख्या 407 के अधीन बेसिक मिलिट्री की ट्रेनिंग ली थी और केवाईकेएल संगठन में कॉरपोरल के रैंक पर है। खारीबाम संजोय उर्फ नाओचा उर्फ भीम से पूछताछ करने उसने बताया कि वह केवाईकेएल संगठन के स्वयंभू वाइस चेयरमैन इबो की कमान के तहत कार्यरत केवाईकेएल संगठन का एक सक्रिय सदस्य है और उसने केवाईकेएल के किसी संता के माध्यम से वर्ष 2007 में उक्त संगठन ज्वाइन किया था और उसने 25वें बैच की आर्मी संख्या 571 के अंतर्गत तनाल, म्यांमार में वर्ष 2007 में बेसिक ट्रेनिंग पूरी की थी और वह केवाईकेएल संगठन में कॉरपोरल के रैंक में है। अत:, उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद वस्तुएं, एक बेरेटा पिस्तौल, जिस पर मेड इन यू.एस.ए. का निशान था और जिसके साथ मेड इन यू.एस.ए. के मार्क वाली

एक मैगजीन थी, 9 एमएम गोलाबारूद के 4(चार) जिंदा राउंड, म्यांमार का एक आईडी कार्ड, जिस पर जेड 506094 नंबर अंकित था और एक लेमन मोबाइल हैंडसेट जिसका मॉडल नंबर बी 159 था और जिसमें एक एमपीटी सिम कार्ड था, पुखारामबम रूपा उर्फ किरन के कब्जे से लेकर जब्त कर ली गई और खारीबाम संजाय उर्फ नाओचा उर्फ भीम के कब्जे से 5020 मार्क की एक मैगजीन सहित एक एम-20 पिस्तौल, एम-20 पिस्तौल के बोलाबारूद के 2(दो) जिंदा राउंड और म्यांमार का एक आईडी कार्ड जिसका नंबर जेड 064079 था, को दोपहर 01:25 बजे जब्त कर लिया गया। प्रश्नगत मामले के जांच अधिकारी पीडब्ल्यू-4 द्वारा अभिपुष्ट शपथ-पत्र को प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/1 के रूप में प्रदर्शित किया गया है तथा उक्त मामले से संबंधित ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत की गई उक्त एफआईआर, रिपोर्ट, 2 जब्ती मेमो तथा 1 पुन: जब्ती मेमो की सत्यापित प्रतियाँ क्रमश: प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/2, प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/3, प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/4, प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/5, तथा प्रदर्श पीडब्ल्यू-4/6 के रूप मे प्रदर्शित की गई हैं।

